17/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांडू द्वारा आज कुरुंग कुमे जिले के न्यापिन के मिनी सेक्रेटेरिएट में आयोजित पहली "कैबिनेट आपके द्वार" बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य शासन को दूरदराज के इलाकों में लोगों के साथ सीधा जुड़ाव सुनिश्चित करना है। मंत्रिमंडल ने “अरुणाचल प्रदेश अरुण परिवार पत्र ऑथोरिटी बील, 2025” को मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य राज्य के लिए परिवार केंद्रित नागरिक डेटाबेस स्थापित करना है ताकि लोक कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं के वितरण को सुव्यवस्थित किया जा सके। इसने राज्य और जिला स्तर पर चाइल्ड हेल्पलाइन सेवाओं के तत्काल संचालन के लिए 270 संविदा पदों के सृजन को भी मंजूरी दी। मंत्रिपरिषद ने रागा, यूपिया, बोलेंग, लेम्मी और तातो में नए फायर स्टेशन की स्थापना के साथ-साथ 90 विभिन्न पदों के सृजन को मंजूरी दी। राज्य मंत्रिमंडल ने दुलारी कन्या योजना के तहत बालिका के संस्थागत जन्म पर फिक्स डिपोजिट जमा 20,000 रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने की भी मंजूरी दी। राज्य मंत्रिमंडल ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को रोकने और विनियमित करने के लिए अरुणाचल प्रदेश सार्वजनिक परिसर (एविक्शन ऑफ अनऑथोराईस्ड ऑक्यूपेंट्स) अधिनियम 2003 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनायक ने आज तिराप जिले के खोंसा के निकट चारजू नशा मुक्ति केंद्र के काउंसिलिंग हॉल और आइसोलेशन रुम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि किसी व्यक्ति को नशे की लत से उबरने में मदद करना एक अच्छा कार्य है। उन्होंने केयर मी होम वेलफेयर सोसाइटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनका काम 'विकसित अरुणाचल', एक स्वस्थ, अधिक प्रगतिशील समाज की दिशा में योगदान देता है। युवाओं में बढ़ती नशीली दवाओं की लत और नशीली दवाओं के तस्करों द्वारा उत्पन्न खतरे पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग समाज को नष्ट कर रहा है।

0000000000000000

अरुणाचल ईस्ट के सांसद तापिर गाव ने आज राजीव गांधी विश्वविद्यालय में 'यूनिवर्सिटी विथ डायवर्सिटी' थीम के साथ यूनिफेस्ट के 22वें संस्करण का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद द्वारा ध्वजारोहण समारोह के साथ हुई, जिसके बाद अंतर्राष्ट्रीय वुशू खिलाड़ी और आरजीयू छात्र योर्ना रोसनी द्वारा ओलंपिक मशाल को प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए सांसद ने 'विकसित भारत' के विकास में आरजीयू के योगदान की प्रशंसा की और छात्रों से नौकरी चाहने वालों की बजाय नौकरी देने वालों की मानसिकता बदलने का आग्रह किया।

000000000000000000000000

भारतीय जनता पार्टी, अरुणाचल प्रदेश इकाई के तत्वावधान में आज पासीघाट में केंद्रीय बजट 2025-26 पर एक संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य बजट के प्रमुख पहलुओं पर गहन चर्चा के लिए इंटिलेक्चिएल, बिजनेस लीडर्स, इंफ्लूएनसर्स और पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को एक साथ लाना है। अपने संबोधन में, भाजपा अध्यक्ष, कालिंग मोयोंग ने केंद्रीय बजट 2025-26 को "लोगों के अनुकूल बजट" कहा। जो विकास और आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देता है। संगोष्ठी में मुख्यमंत्री के सलाहकार, आलो लिबांग, विधायक सह राज्य महासचिव ज़िंगनु नामचूम और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

0000000000000000000000000

लोहित के उपायुक्त केसांग ङुरुप दामो की अध्यक्षता में आज तेजू में जिला आयुक्त कार्यालय में जिला ऋण समिति की बैठक आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ऋण प्रवाह की समीक्षा और सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसका उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कृषि, लघु उद्योग और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों को समय पर ऋण वितरित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जिले में नकद जमा अनुपात में सुधार के महत्व पर जोर दिया। बैठक के दौरान लोहित जिले के लिए संभावित लिंक्ड क्रेडिट प्लान (पीएलपी) 2025-26 को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया।

0000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के लोअर सुबनसिरी, पापुमपारे, वेस्ट सियांग, सियांग, लोअर दिबांग वैली, दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई और चांगलांग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

0000000000000

दापोरिजो स्थित सिंघिक हॉल में आज सुबह 9 बजे से अरुणाचल प्रदेश फ्रिडम ऑफ़ रिलिजन एक्ट 1978 (नियम 2024) के विरोध में अरुणाचल क्रिस्चन फ़ोरम के तत्वावधान में अपर सुबनसिरी क्रिस्चन फ़ोरम ने भूख हड़ताल शुरू की है। फोरम ने अरुणाचल प्रदेश फ्रिडम ऑफ़ रिलिजन एक्ट 1978 को तत्काल निरस्त करने की मांग की। उन्होंने सभी के बीच धार्मिक एकता और सद्भाव की अपील की हैं।

0000000000000000

कल राजधानी क्षेत्र के गांधी मार्केट, पुलिस स्टेशन परिसर और लेजी कॉम्प्लेक्स में एक मेगा सोशल सेर्विस और नदी सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय निवासियों, पुलिस कर्मियों, अग्निशमन कर्मियों सहित 150 से अधिक स्वयंसेवक द्वारा सफ़ाई अभियान में भाग लिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य यागामसो नदी की सफ़ाई थी, जो नगरपालिका के कचरों से भरी हुई थी।

000000000000000